# SNA स्पर्श के माध्यम से पीएम आवास के हितग्राहियों को किस्त की राशि जारी

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के SNA स्पर्श के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के हितग्राहियों को किस्त की राशि का भुगतान किया गया। आने वाले नववर्ष के अवसर पर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय निर्देश तथा प्रधानमंत्री आवास योजना टीम के अथक प्रयास से 250 हितग्राहियों को पहली किस्त के रूप में 1.57 करोड़ रूपये और 110 हितग्राहियों को दूसरी किस्त 95.70 लाख रूपये एवं 44 हितग्राहियों को तीसरा किस्त 28.60 लाख रूपये भुगतान किया गया है। राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में हस्तांरित की गई, जो SNA SPARSH प्लेटफार्म की पादर्शिता और त्वरित फंड ट्रांसफर को दर्शाता है। यह पहल प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत हर पात्र परिवार को घर उपलब्ध कराने के संकल्प को मजबूत करती है तथा SNA SPARSH के माध्यम से अभी तक 404 हितग्राहियों को ’’जस्ट इन टाइम’’ फंड रिलीज सुनिश्चित कर डिजिटल प्रक्रिया को सरल बनाता है। जिससे पारदर्शिता और दक्षता बढ़ती है। नगर निगम भिलाई प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के हितग्राहियों को बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

